**भारत सरकार**

**गृह मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या** 433

**दिनांक** 19.11.2019/ 28 **कार्तिक**, 1941 (**शक**) **को उत्तर के लिए**

**अप्रत्याशित बाढ़**

†433. **श्री विनायक भाऊराव राऊतः**

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः**

**श्री हेमन्त पाटिलः**

**डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.**:

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या भारतीय नदियों ने अगस्त** 2019 **में** 25 **बार उच्चतम बाढ़ स्तर को पार किया था जिसके कारण कई राज्यों में भयंकर बाढ़ आई थी**;

**(ख) यदि हां, तो विगत दो या तीन महीनों के दौरान सर्वाधिक प्रभावित राज्यों का ब्यौरा क्या है तथा भयंकर बाढ़ के फलस्वरूप जान-माल की कितनी क्षति हुई है और राज्य-वार कितना मुआवजा दिया गया है**;

**(ग) क्या सरकार ने लोगों को बचाने हेतु बाढ़ प्रभावित राज्यों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की तैनाती की है**;

**(घ) यदि हां, तो एनडीआरएफ के कितने जवानों की तैनाती की गई थी और उनके द्वारा कितने लोगों को बचाया गया**;

**(ङ) क्या एनडीआरएफ बल की कम उपलब्धता के कारण बचाव-कार्य प्रभावित हुआ है**; **और**

**(च) यदि हां, तो क्या अधिक कार्य बोझ को देखते हुए सरकार का एनडीआरएफ की संख्या में वृद्धि करने का विचार है**?

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)**

(क): अगस्त माह के दौरान, केंद्रीय जल आयोग द्वारा अनुरक्षित 25 हाइड्रोलॉजिकल आबजर्वेशन (एचओ) स्टेशनों में भीषण बाढ़ अनुमानित की गई थी। इनमें से 2 बाढ़ भविष्यवाणी स्टेशन और 23 बाढ़ निगरानी एचओ स्टेशन थे, जोकि राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु राज्यों में स्थित है।

(ख): असम, बिहार, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु राज्यों में अगस्त, सितम्बर और अक्टूबर, 2019 के दौरान भीषण बाढ़ आई थी। दक्षिण-पश्चिमी मानसून, 2019 के दौरान बाढ़/भूस्खलनों/बादल फटने और अन्य जल-मौसम विज्ञान संबंधी खतरों से हुई क्षतियों के ब्योरे, जैसाकि इन राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित किया गया है, अनुलग्नक-। में दिए गए हैं। प्राकृतिक आपदाओं को ध्यान में रखते हुए मौजूदा तंत्र के अनुसार राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ) के अंतर्गत वित्तीय सहायता तत्काल राहत के रूप में प्रदान की जाती है न कि हुई क्षति/दावा की गई क्षति की प्रतिपूर्ति के लिए। वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के अंतर्गत राज्यों के लिए जारी की गई निधियों का ब्यौरा अनुलग्नक-।। में दिया गया है।

(ग) से (च): केंद्र सरकार ने बाढ़ पीड़ित राज्यों की सरकारों के अनुरोध पर बचाव और राहत कार्य के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की अपेक्षित संख्या में टीमें तैनात की थी। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की तैनाती और बचाए गए व्यक्तियों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा अनुलग्नक-।।। में दिया गया है। इसके अतिरिक्त, आपदा/आपातकाल के आलोक में भारत के संवेदनशील प्रोफाइल को देखते हुए और किसी कार्रवाई करने में लगने वाले समय की खपत को कम करने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 04 अतिरिक्त बटालियनें गठित करने का अनुमोदन प्रदान किया है।

********

**लो.स.अ.ता.प्र.सं.** 433

अनुलग्नक-**I**

**दक्षिण-पश्चिमी मानसून** - 2019 **के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित बाढ़/भूस्खलन/जल मौसम विज्ञान संबंधी खतरों के कारण हुई क्षति**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | मानव जीनव | पशुधन | क्षतिग्रस्त मकान | फसलीय क्षेत्र (लाख हेक्टयर) |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **असम** | **103** | **250** | **131949** | **2.14** |
| **2** | **बिहार** | **133** | **80** | **45355** | **2.61** |
| **3** | **राजस्थान** | **126** | **314** | **28415** | **27.36** |
| **4** | **उत्तर प्रदेश** | **133** | **277** | **40637** | **8.88** |
| **5** | **महाराष्ट्र** | **253** | **4230** | **109714** | **4.17** |
| **6** | **कर्नाटक** | **91** | **3400** | **115792** | **9.35** |
| **7** | **केरल** | **125** | **1183** | **21264** | **0.31** |
| **8** | **तमिलनाडु** | **25** | **70** | **1158** | **-** |
| | कुल | **989** | **9804** | **494284** | **54.82** |

**लो.स.अ.ता.प्र.सं. 433**

**अनुलग्नक-II**

**वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गई राज्य-वार वित्तीय सहायता को दर्शाने संबंधी विवरण**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | राज्य | 2019-20 के लिए एसडीआरएफ के अंतर्गत निधियों का आवंटन | 2019-20 के दौरान जारी एसडीआरएफ में केंद्रीय अंश | 2019-20 के दौरान एनडीआरएफ से जारी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3 | 4 | 5 |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 534.00 | 200.25 | 570.91 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 63.00 | 28.35 | |
| 3 | असम | 559.00 | 251.55 | -- |
| 4 | बिहार | 570.00 | 1031.12# | -- |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 292.00 | 67.80 | -- |
| 6 | गोवा | 4.00 | 0.00 | -- |
| 7 | गुजरात | 856.00 | 565.80# | -- |
| 8 | हरियाणा | 374.00 | 86.85 | -- |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 287.00 | 197.23 | 234.09 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर * | 310.00 | 405.00# | -- |
| 11 | झारखंड | 442.00 | 165.75 | -- |
| 12 | कर्नाटक | 336.00 | 507.00 | 2441.26 |
| 13 | केरल | 225.00 | 52.275 | -- |
| 14 | मध्य प्रदेश | 1066.00 | 647.10 | -- |
| 15 | महाराष्ट्र | 1803.00 | 1276.125 | 2474.29 |
| 16 | मणिपुर | 23.00 | 9.90 | -- |
| 17 | मेघालय | 29.00 | 12.60# | -- |
| 18 | मिजोरम | 20.00 | 0.00 | -- |
| 19 | नागालैंड | 12.00 | 10.80 | -- |
| 20 | ओडिशा | 909.00 | 552.00 | 3114.46 |
| 21 | पंजाब | 474.00 | 313.05# | |
| 22 | राजस्थान | 1340.00 | 502.50 | 1164.99 |
| 23 | सिक्किम | 38.00 | 17.10 | -- |
| 24 | तमिलनाडु | 825.00 | 309.375 | -- |
| 25 | तेलंगाना | 333.00 | 237.75# | -- |
| 26 | त्रिपुरा | 38.00 | 17.10 | -- |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 820.00 | 541.80 | -- |
| 28 | उत्तराखंड | 255.00 | 114.75 | -- |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 628.00 | 414.90# | -- |
| | कुल | 13465.00 | 8535.825 | 10000.00 |

# **पिछले वर्ष के लिए एसडीआरएफ के बकाया सहित।**

* **अब जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र।**

**लो.स.अ.ता.प्र.सं. 433**

**अनुलग्नक-III**

**दक्षिण-पश्चिमी मानसून, 2019 के दौरान एनडीआरएफ के बाढ़ संबंधी अभियानों का राज्य-वार सार**
**01 मई से 31 अक्टूबर, 2019 तक**

| क्र.सं. | राज्य | तैनात टीमों की संख्या | उपलब्धियां | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | बचाए गए/सुरक्षित निकाले गए व्यक्ति | बचाए गए पशु | प्रदान की गई चिकित्सा सहायता |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 12 | 2560 | 76 | 0 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | असम | 28 | 9867 | 47 | 6062 |
| 4 | बिहार | 62 | 17707 | 46 | 9995 |
| 5 | दादर और नगर हवेली | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | दिल्ली | 4 | 22 | 27 | 0 |
| 7 | गुजरात | 48 | 4895 | 62 | 2853 |
| 8 | हरियाणा | 2 | 14 | 0 | 0 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 3 | 8 | 0 | 0 |
| 10 | झारखंड | 2 | 433 | 44 | 84 |
| 11 | कर्नाटक | 28 | 9749 | 82 | 0 |
| 12 | केरल | 23 | 3305 | 2 | 0 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 12 | 924 | 22 | 0 |
| 14 | महाराष्ट्र | 70 | 38260 | 40 | 1596 |
| 15 | मणिपुर | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | मेघालय | 1 | 40 | 0 | 0 |
| 17 | नागालैंड | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | ओडिशा | 3 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | पुदुचेरी | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | पंजाब | 16 | 5330 | 96 | 114 |
| 21 | राजस्थान | 14 | 1182 | 21 | 2613 |
| 22 | सिक्किम | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | तमिलनाडु | 3 | 0 | 0 | 0 |
| 24 | तेलंगाना | 6 | 101 | 3 | 0 |
| 25 | त्रिपुरा | 5 | 1185 | 25 | 0 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 26 | 2974 | 21 | 552 |
| 27 | उत्तराखंड | 5 | 335 | 3 | 0 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 8 | 71 | 0 | 0 |
| | कुल योग | 339 | 98962 | 617 | 23869 |

******